14/131

प्रमुख सचिव

राजस्थान विधान सभा, जयपुर।

नियम- 131 के तहत ध्यान आकर्षण प्रस्ताव।

विषय- विधानसभा क्षेत्र- शिव में पशु चिकित्सालयों के निर्माण व पशु चिकित्सको के रिक्त पद भरवाने के बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि राजस्थान एकमात्र ऐसा राज्य है जहां की जीडीपी में फसल के बजाय पशुपालन का योगदान अधिक है(आर्थिक सर्वे 2023-24 के अनुसार पशुधन का योगदान 46.41% और फसल 46% )। पशुपालन राजस्थान की अर्थव्यवस्था का आधार स्तम्भ है। कृषि के खराब होने पर किसान पशुपालन का सहारा ले कर खुद को संबल प्रदान करता है परन्तु पशुपालन पर संकट आ जाए तो किसान कहां जाएगा ।

थारपारकर नस्ल की गाय पूरे भारत में सिर्फ पश्चिमी राजस्थान में पायी जाती है। लंपी की बीमारी को मैने बहुत नजदीकी से देखा है, गायों की लाशे, उन पर बिलखते किसान को देखा है। भेड़ और बकरी पालन वहां की अर्थव्यवस्था की धुरी है। इन सब के बावजूद शिव विधानसभा में पशु चिकित्सालय केवल 2 हैं और वहां पर भी चिकित्सक नहीं है।

सरकार द्वारा पशुधन के लिए कोई विशेष प्रयास नहीं किया गया है। अभी तक पशुधन पर ना ही कोई प्रभावी कार्ययोजना बनी है और ना ही कोई विशेष विजन है।

अतः मैं इस ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से माननीय पशुपालन मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि विधानसभा क्षेत्र शिव में पशु चिकित्सालयों एवं चिकित्सकों की व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाने का कष्ट करें।

भवदीय

( रविन्द्र सिंह भाटी )

विभाजन संख्या- 126

दिनांक-